दैनिक जागरण
बरेली, मंगलवार
28 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

PAGE NO : VI BOTTOM

# एसआरएमएस व क्रिकेट नर्सरी सेमीफाइनल में

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय क्रिकेट प्रतियोगिता में हुए दो मुकाबले**
**क्रिकेट नर्सरी ने बरेली चैंप्स को पांच विकेट से किया पराजित**

जागरण संवाददाता, बरेली: स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में चल रही पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरबीएमआइ अकादमी को हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। वहीं दूसरे मैच में क्रिकेट नर्सरी ने बरेली चैंप्स को पांच विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहले मैच में आरबीएमआइ ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन पूरी टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर मात्र 83 रन ही बना सकी। टीम के लिए आयुष कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए। एसआरएमएस की ओर से जागवान और नरेंद्र ने दो-दो विकेट जबकि फरहान, अंशुमन, हर्षित व रिजवान ने एक-एक विकेट हासिल किया। जवाब में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने लक्ष्य को 12.6 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। टीम की ओर से अभिमन्यु ज्वाला ने 34 रन और अंकित यादव ने नाबाद 19 रन बनाए। शानदार बल्लेबाजी के लिए अभिमन्यु ज्वाला को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में बरेली चैंप्स ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 16.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 85 रन बनाए। प्रकाश पटेल ने 25 और ईशु ने 16 रन जोड़े। क्रिकेट नर्सरी की ओर से कश्यप, आकाश व सुधाकर ने दो-दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रिकेट नर्सरी ने 16.4 ओवर में पांच विकेट पर जीत दर्ज की। सुबोध गंगवार व शाहिद ने 18-18 रन बनाए। मैन आफ द मैच का पुरस्कार सुबोध गंगवार को मिला। इससे पहले सोमवार को क्रिकेट मैच का उद्घाटन अनुष्का ट्रस्ट के ट्रस्टी राकेश पटेल और क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कई खेल प्रेमी व अधिकारी मौजूद रहे। टूर्नामेंट आयोजक क्रिकेट कोच नितेश भारद्वाज ने बताया कि मंगलवार को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच सुबह आठ बजे व दूसरा दोपहर 12 बजे से होगा।



जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी • सौ. आयोजक